कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

क्रमांकः—शिविरा/मा./खेलकूद—2/एसपीसी/18—19/ दिनांकः— 17/12/19

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
(मुख्यालय) माध्यमिक

....

विषयः— सत्र 2019—20 में एस.पी.सी. योजना संचालन हेतु बजट संबंधी सूचना व उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने बाबत।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत एवं प्रासंगिक पत्र के क्रम में लेख है कि राज्य सरकार के आदेशानुसार आपके मण्डल के अधीन राजकीय विद्यालयों में एस.पी.सी. योजना संचालित की जा रही है, जिसके संचालन हेतु सत्र 2019—20 में विद्यालय को 10000/—(अखरे रूपये दस हजार मात्र) का बजट आवंटन बजट मद 2055—00—115—(09)(01) 29 में किया गया था, लेकिन योजना संचालित विद्यालयों द्वारा उक्त आवंटित बजट का पूर्ण उपयोग नहीं किया गया और न ही आवंटित बजट की राशि में से नियमानुसार किये गये व्यय का संपूर्ण व्यय ब्यौरा, पत्र जारी होने की दिनांक तक प्रस्तुत किया गया है। राज्य सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रमुख शासन सचिव शिक्षा तथा उपाध्यक्ष पुलिस महानिदेशक है और निदेशक माध्यमिक शिक्षा बीकानेर सदस्य है, जिनके द्वारा उक्त योजना की मोनिटरिंग की जा रहीं है । अतः आपको आदेशित किया जाता है कि आपके कार्यालय व क्षेत्राधिकार के अंतर्गत योजना संचालित विद्यालय को आवंटित किये गये बजट का पूर्ण उपयोग होने अथवा न होने का कारण पत्र प्राप्ति के 03 दिवस के भीतर इस कार्यालय को प्रेषित करें। अन्यथा आपके विरूद्व नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जावेगी। जिसकी समस्त जिम्मेदारी आप स्वंय की होगी।

उपनिदेशक (खेलकूद)
माध्यमिक शिक्षा निदेशालय
बीकानेर।